Moving Every Mile With A Smile

# संvad

## Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

January-March 2021
ISSUE 10

जीवेषु करुणा चापि मैत्री तेषु विधीयताम् ।
*Be compassionate and friendly to all living beings.*

## स्पर्श



Relation - सम्बन्ध

मंदिर में दो प्रकार के दीपक होते हैं। एक भंडार पर रखे जाने वाला और दूसरा मंदिर के गर्भगृह में रखा जाने वाला। दीपक तो दोनों ही प्रज्वलित होते हैं। पर दोनों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है तो वह यह है कि भंडार पर रखा जाने वाला दीपक किसी भी क्षण बुझ जाए ऐसी सम्भावना होती है, जबकि गर्भ गृह में रखा जाने वाला दीपक, जिसे अखंड दीपक कहा जाता है वह हमेशा प्रज्वलित रहता है। अर्थात् उसे हर क्षण हवा से बचा कर रखा जाता है और उसमें हमेशा घी डालते रहना पड़ता है।

इसी तरह हमारे सम्बन्ध होते हैं अगर हम उनको भंडार के दीपक की तरह रखते हैं तो अज्ञान, आग्रह, आसक्ति तथा अहंकार इस ख़तरनाक चौकड़ी की हवा का उस पर आक्रमण हो सकता है व उस दीपक की तरह हमारे सम्बन्ध कभी भी बुझ सकते हैं परंतु यदि हम गर्भ गृह के दीपक की तरह इस चौकड़ी की हवा से हमारे सम्बन्धों को बचाते रहें और उनमें आत्मीयता का घी सतत डालते रहें तो हमारे सम्बन्ध गर्भ गृह के दीपक की तरह अखंड और प्रगाढ़ हो जाएँगे।

इस गहराई को अगर हम सब समझ लें तो शायद हमारे रिश्ते व साथ ही हमारा जीवन काफ़ी सरल हो जाए।

सम्बन्ध कभी भी किसी से जीतकर
नहीं निभाए जा सकते...
सम्बन्धों की खुशहाली के लिए झुकना होता है,
सहना होता है, दूसरों को जिताना होता है
और स्वयं हारना होता है!

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



दोस्तों,

ज़िन्दगी आसान नहीं होती इसे बनाना पड़ता है कुछ "अंदाज" से, कुछ "नजरअंदाज" से। इस वित्त वर्ष के समापन पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी ने इस वित्त वर्ष में जिस तरह से अपनी कंपनी को संभाला उसके लिए आप सभी को बधाई देने के लिए शब्द भी कम पड़ेंगे। आपने दिखा दिया कि समस्याओं के सामने हाथ बांधकर नही खड़े रहना चाहिए क्योंकि हम सभी के हौसलों के सामने यह समस्यायें तो कुछ नहीं हैं।

इस वर्ष में आप सभी को मेरे निर्णयों से शायद तकलीफ हुई होगी, आपको लगा होगा कि मैं क्या कर रहा हूँ, यह सही समय नहीं है, मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए पर मेरे मन में एक ही विश्वास था कि मेरा निर्णय सही है या गलत, सफलता मिलेगी या असफलता, यह तो वक़्त ही बता पायेगा, इन निर्णयों से किसी को व्यक्तिगत कुछ समय के लिए तकलीफ हो सकती है, लेकिन भविष्य में इससे किसी को तकलीफ नहीं होगी क्योंकि..

बिना निर्णयों के कोई कार्य नहीं होता, बिना कुछ किए कोई सफल नहीं होता,
जब तक नहीं पड़ती हथौड़े की चोट, तब तक पत्थर भी लोगों के लिए भगवान नहीं होता।

आप सभी लोगों ने जिन परिस्थितियों में काम किया है उसके लिये आप सभी लोगों की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है और आज हमने नुकसान की जगह नफा किया है। इस पूरे वर्ष के दौरान बहुत ही अच्छे और कड़वे दोनों ही तरह के अनुभव लिये। मैंने हमेशा जो मन में है या जो मेरी कमजोरी है उसको सबके सामने रखा जिससे कि मेरी कमजोरी दूर हो सके परन्तु सीख बहुत ही अच्छी मिली कि..

अपनी कमजोरियों का जिक्र कभी किसी से नहीं करना चाहिये,
क्योंकि कटी पतंगों को लोग जमकर लूटते हैं।

मैंने हमेशा आपकी ताकत बनने की कोशिश की। मुझे मालुम है कि आप सभी में बहुत ही ज्यादा ताकत है बस उसी ताकत की याद आप लोगों को समय-समय पर करवाता रहा और अपने आपको बदलने की कोशिश करता रहा और मुझे यकीन है कि आप लोग भी ऐसा ही करते हैं क्योंकि किसी ने ठीक ही कहा है कि... लोग घर बदलते हैं, रिश्ते बदलते हैं, दोस्त बदलते हैं फिर भी परेशान रहते हैं क्योंकि खुद को नही बदलते।

आप सभी के सहयोग से मैंने जो भी काम चालू किया, उसको पूरा किया और सफलता भी मिली क्योंकि एक ही बात मेरे दिमाग में हमेशा रही कि... जब तक किसी काम को शुरू नहीं करो तब तक वह असंभव ही लगता है।

आप लोगों ने जो विश्वास आज तक मुझे दिया है उसके लिए आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद। आपके लिए बस इतना कहूँगा कि...

किस कदर शुक्रिया अदा करूँ उस खुदा का, अल्फाज नहीं मिलते,
MLL आज यहाँ नही होती, साथी अगर आप जैसे नहीं मिलते।

Neeraj Maheshwari
CEO, Maheshwari Logistics Ltd.


## श्रध्दांजलि



श्री उदयकिशन जी धूत



श्री राम कल्याण जी काबरा



श्रीमती नाथी देवी लढ़ा

## जीवन का क्रम

साथ-साथ चलने वाले पेरों में भी कितना फर्क होता है

एक आगे तो एक पीछे लेकिन ना तो आगे वाले को अभिमान महसूस होता है और ना ही पीछे वाले को अपमान क्यूँकि उन्हें पता होता है कि कुछ ही समय में यह स्थिति बदलने वाली है।



इसी को जीवन का क्रम कहते हैं।

पिनाकिन पांड्या, अहमदाबाद

## KHANA KHAZANA

### CRUNCHY MANGO CUSTARD PUDDING

**Ingredients :** 2 Cup Marie biscuits (Churned and roasted in ½ tbsp butter), 500 ml milk, 2 tbsp custard powder(vanilla flavour), 4 tbsp sugar, 2 ripe mangoes (make puree of it), 1 cup finely chopped mango pieces.

**Prepare thick custard :**

1. Add custard powder in ½ cup cold milk (mix thoroughly so that no lumps are there).
2. Add the above mixture in boiling hot milk and cook for 2-3 mins on low flame.
3. Add sugar in the above mixture and cook for another 1-2 minutes.
4. Turn off the flame and keep the mixture under a fan and let it cool at room temperature.

**Arrangement (in a glass bowl) :**

1st layer of Marie biscuit
2nd layer of custard
3rd layer of mango puree



Garnish with chopped mangoes and some roasted chopped pistachios. Set in freezer for 3 hours and it's ready to serve.

**Mahima Maheshwari, Vapi**







Key Holders & Painting made by
**Vidhi Maheshwari, Vapi**

## जिंदगी व मृत्यु का वार्तालाप

एक बार जिंदगी व मृत्यु का आमना सामना हो जाता है। दोनों आपस में वार्तालाप करने लगती हैं। दोनों की बातचीत होते-होते मृत्यु बोली हमारा एक दूसरे से कुछ सवाल जवाब हो जाए तो अच्छा होगा इस पर जिंदगी बोली पहले मैं तुमसे प्रश्न करूंगी क्योंकि जिंदगी बड़ बोली होती है ना। मृत्यु ने जिंदगी को समझाया पहले मुझे प्रश्न करने दो क्योंकि तुम मुझसे ज्यादा जानकार हो क्योंकि तुम हर इंसान के साथ मिलकर रहती हो अर्थात हर इंसान में तुम विद्यमान हो और प्रत्येक इंसान तुम्हारे में है।

मृत्यु ने पूछा लोग तुम्हें प्यार से व मुझे नफरत से क्यों देखते हैं?

जवाब में जिंदगी कहती है मैं लोगों को अपने स्वार्थ के लिए एक दूसरे से उलझा कर रखती हूं। मैं लोगों को झूठ, कपट, छल, धोखा, नफरत, प्यार, स्नेह, चोरी, चुगली, कामना, वासना, मौज-मस्ती, मान-सम्मान, ऊंच-नीच, आपसी प्रेम आदि के जाल में फंसाकर रखती हूँ और उनको ऐसे भ्रम में ढाल देती हूं जिससे उनको महसूस होता है कि जो भी हो रहा है वह मैं ही करा रही हूँ इसलिए लोग मुझे स्नेह देते हैं

मृत्यु बोली तुम मनुष्य को धोखे में रखकर स्नेह प्राप्त करती हो जबकि तुम्हारे बाद मेरा आना जरूरी है और मैं तुम्हारे कारनामों को एक ही वार से समाप्त कर देती हूँ। मैं अदृश्य हूँ आते-जाते दिखाई नहीं देती हूँ। राजा हो या फकीर मेरे पास सबके लिए समान न्याय है। जिसके पास आती हूँ उसे तुम्हारी तरह रिश्वत लेकर छोड़ती नहीं हूँ।

तुम एक खूबसूरत झूठ हो और मैं दर्दनाक सत्य जिस प्रकार इंसान सत्य से घबराता है ठीक उसी तरह मेरे डर के कारण मुझसे नफरत करता है।




शिक्षा - जिन्दगी एक सांसारिक भ्रम मात्र है
जबकि मृत्यु निश्चित है।

फतेह सिंह सिहडार, गांधीधाम

## फिर स्कूल है जाना




नव वर्ष आया...
नयी उमंगे लाया...
२०२० था बहुत कठिन
कोरोना ने लिया बहुत कुछ छीन
बीते वर्ष ने ली बहुत परीक्षा
किंतु बहुत कुछ हमने सीखा
लॉकडाउन ने संयमित जीवन जीना सिखाया
कोरोना वारियर्स ने त्याग व अनुशासन सिखाया
स्वच्छता से जीवन जीना सिखाया
सामाजिक दूरी का महत्व समझ में आया
२०२१ में कोरोना वापिस चले जाना
क्यूँकि हमको फिर से स्कूल है जाना



नविका माहेश्वरी, वापी


## Health Corner - Sujok therapy



Darshini Vashi
Vapi

Sujok therapy is a variation of acupressure in which we can use specific points on hands and feet for treatment. It also makes use of seeds, semi precious stones along with gentle to deep pressure and stimulation that helps to relieve various health issues. Seeds like black paper, moong, fenugreek seeds, dry green peas, desi chana, wheat have their own healing power.

We can use them on specific points to get relief from health issues like headaches, knee pain, sore throat, cough, back pain, stomach related problems, reduce swelling and many more. If a person can understand basic Sujok points on hands and feets (su and jok) he/she can treat basic health problems.



This is a clear picture that relates our body from head to feet. Our thumb stands for head, two middle fingers for legs, small and index fingers for both hands. Give pressure or do massage on particular point of the hand related with your body part. Front side of your palm shows the front side of your body, back side of your palm shows the back side of your body. You can also create pressure by application of seeds for which you need to refer little about Sujok.

Sometimes massage itself can give relief in pain. Applications of seeds for three to seven days can also cure the disease. This therapy has no side effects and can also be combined with other treatments.

## Know Your Country... Brahadeeshwara Temple

### *World's First All Granite Temple :*

Commonly called as **Brahadeeshwara Temple** or the Periya Kovil was built by ***Raja Rajacholan*** along with the architect Kunjara Mallan Raja Raja Perunthachan in Thanjavur. The temple was constructed over a period of seven years from 1003 to 1010AD. The 1000 year old temple is famous for its stone art forms and for the paintings. The paintings enlighten the intricate details by contrasting colours.

It also mentions the different kinds of jewels used in the period. A total of twenty three different types of pearls, eleven varieties of diamonds and rubies are mentioned in these inscriptions. This architectural masterpiece has been designated as UNESCO World Heritage Site.



Collected by Muskan Maheshwari, Vapi

### The remarkable features of the temple:

a) Cap stone-The cap stone, the topmost portion of the shrine weighs 80 tons carved from a single stone block.

b) First All Granite Temple-It is the first complete granite temple in the world built entirely using 1,30,000 tons of granite.

c) Shallow Temple-This is the world's first known and only Shallow Shiva temple which is being built by interlocking stones and not by binding them.

d) Underground passage-The temple contains more than 100 underground passages to various places in and around Thanjore including palace of Raja Raja chola. It was widely known to be a trap for the kingdom safety.

e) Shadow disappears at noon-The huge cap temple is constructed in such a way that the shadow of the Gopuram will not fall on the ground at noon in any season. The entire tower does not cast a shadow outside temple complex itself.

f) Shiva and Nandhi-Nandhi present in the entrance is chesseled out of a single rock. It is the 2nd biggest in the country which is 12 feet in height. The Shiva linga is made from a single rock from the river. The linga is 9 feet tall.

g) Tallest and Accurate- Till date it is the tallest temple with the gopuram 66m in height and 13storeyed structure.

## खेल खेल में



**Spot 10 Differences in both pictures**

## पहेलियाँ

1) Sequence- 3, 13, 1113,3113,2123,112213,312213,212223,114213, ?
2) A woman has seven children, Half of them are boys. Explain how?

Last edition Sudoku done by
Vapi- Rahul Patel, Lisa Singh, Pragnesh Patel, Jignesh Patel
Ahmedabad- Pinakin Pandya, Yogesh Poddar,
Jamnagar- BalbeerBhati

पिछले अंक में प्रकाशित रिडल्स के सही जवाब है...
1. 25
2. Concealed colours
1. Orange 2. Red 3. Indigo 4. Magenta

रिडल्स के सही जवाब देने वालों के नाम है...
Vapi-Jignesh Patel,Rahul Patel, Iradat Ansari
Ahmedabad- Pinakin Pandya,Yogesh Poddar

रिडल्स का सही जवाब आपको 15th May तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Congratulations to Dr. Nishita Maheshwari, Vapi for completing **MBBS**





Party for Highest Production in December 2020 in Ambethi Factory, Vapi




SBI visit to open Salary Account at MLL House, Vapi



Mantra jaap at Ambethi Factory, Vapi




Congratulations to Sachin Tripathi, Vapi

## *A Tribute to our elders who will never be forgotten*

### स्वर्गीय श्री उदयकिशन जी धूत

**आदरणीय पापाजी ,**

अब हम आपको सिर्फ तस्वीरों मे देख पायेंगे अव्वल तो यही ख्याल पर यकीन नहीं आता है। पर विधि के विधान के आगे हम सभी नतमस्तक है। आप २८/१०/ २० को एकाएक इस तरह अपने परिवार को छोड़कर चले जायेंगे सोचा ना था। शांत सौम्य सरल एवं सहनशील वक्तितव के धनी, परिस्थिति सम या विषम आपने कभी अपना संयम नहीं खोया। खाने के शौकीन तो सभी होते है पर खाना स्वादिष्ट बनाने का गुर तो परिवार में सभी ने आपसे ही सीखा। शादी हो या कोई धार्मिक कार्य व्यंजन पापाजी की उपस्थिति मात्र से ही परफेक्ट बन जाया करते थे।

पापाजी, आप भले ही मेरे ससुरजी थे पर बेटी से ज्यादा मान सम्मान दिया, कई गलतियाँ नजरंदाज कर अपना मार्गदर्शन दिया। आपने कभी कोई हुकुम परिवार के किसी सदस्य पर नही थोपा। कम ही परिवार में ऐसा होता होगा जहां ससुर और बहुएँ एक साथ चाय पीते हों एवं हंसी मज़ाक करते हों। पापाजी आपकी हंसी और सादगीपूर्ण व्यवहार बेहद याद आता है। सही कहा है .....

जाने वाले कभी लौटकर नहीं आते जाने वाले की सिर्फ याद आया करती है।

पूरे परिवार की ओर से आपको विनम्र श्रद्धांजलि।

**पूनम पुष्पकुमार धूत**
**वापी**

### स्वर्गीय श्री राम कल्याण जी काबरा

**बाबूजी,**

परिवार के मजबूत आधार स्तंभ

आपने योग एवं आयुर्वेद को जीवन में आत्मसात करके अपना जीवन काल स्वस्थ एवं आनंद के साथ बिताया।

अपना अत्यधिक समय पारिवारिक सामाजिक शैक्षणिक एवं धार्मिक गतिविधियों में बिताया।

स्थानीय माहेश्वरी समाज एवं वरिष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारी रहते हुए सेवाएं प्रदान की।

जीवन को नियमित रखने की सीख हमें प्रदान की। ऐसे आदर्श पिता की संतान होना हमारा सौभाग्य है।



**रामनरेश काबरा**
**वापी**

### स्वर्गीय श्रीमती नाथी देवी लढ़ा

**हमारी मां,**

माँ बहुत ही धार्मिक, दयालु प्रवर्ति के, मितव्ययी एवं मृद्भाषी थे।

वे बहुत ही मजबूत एवं स्वत्रन्त्र विचारधारा वाले थे।

अपने कठिन संघर्षमय जीवन में रहते हुए पाँचो बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार किया एवं पुत्रों को चार्टेड एकाउंटेंट बनाया और इस तरह समाज में कीर्तिमान स्थापित किया।

उन्होंने पूरे लढ़ा परिवार को एक सूत्र में बांध रखा था।

उनका स्वर्गवास २९ जून २०२० को वापी में हुआ था।

माँ की परवरिश का असर है जो हम आज इस मुकाम पर हैं।

सारा जीवन लगा दिया था उन्होंने हमको इस मुकाम तक पहुचाने में।

आप हमेशा हमारे दिल में रहेंगी और हमारे लिए प्रेरणा बनी रहेंगी।

आपको शत शत नमन एव भाव पूर्ण श्रद्धांजलि।

**ललिता लढ़ा**
**वापी**

majithia - 9825268468